प्रेस रिलीज़

मैसूर बृंदावन गार्डन में बीईएमएल ने आयोजित किया स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक मिनीरत्न कंपनी है, ने बृंदावन गार्डन, कृष्णराजसागर, मैसूर में 'स्वच्छता अभियान' और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

स्वच्छ भारत अभियान के एक अंश के रूप में आयोजित विशेष कार्यक्रमों मेंश्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने बृंदावन गार्डन में स्वच्छ ड्राइव अभियान के लिए बीईएमएल टीम का नेतृत्व किया तथा स्वच्छता के विषय पर बीईएमएल कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित एक लघु नाटिका की अध्यक्षता की। लघु नाटिका कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए श्री होता ने 'स्वच्छता, भक्ति से भी बढ़कर है' कहावत को उद्धृत करके कहा कि "स्वच्छ वातावरण स्वच्छ आदतों को बढ़ावा देता है और स्वच्छ आदतों से एक आदमी साफ बनता है जो अच्छे स्वास्थ्य की गारंटी देता है, हमारे चारों तरफ विकास और शांति फैलता है।"

ब्रिंडन गार्डन में कावेरी नीरावरी निगम लिमिटेड, कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर बीईएमएल द्वारा आयोजित लघु नाटिका कार्यक्रम को देखने के लिए अधिक संख्या में इकट्ठा हुए सामान्य जनता ने गहन रुचि दिखाई है।

एक रक्षा उपक्रम होने के नाते बीईएमएल द्वारा 'स्वच्छ भारत' अभियान के शुभारंभ के अवसर से लेकर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में लगातार अपने समर्थन का विस्तार किया जा रहा है, जिसमें इलाकों की सफाई, गांवों को गोद लेना, विद्यालयों/गांवों में शौचालयों का निर्माण, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, सफाई की सुविधा प्रदान करना आदि की याद की गई और बीईएमएल इस संबंध में अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

मैसूर बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीज़

07.08.2017